**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने कांगड़ा और चंबा ज़िले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण–भरमौर इलाके में फंसे मणिमहेश यात्रियों को निकालने के प्रयास जारी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–प्रदेश के कॉलेजों व स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से बागवानी को व्यवसायिक विषय के रूप में किया जाएगा शुरू।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–विधानसभा में प्रस्तुत कैग रिपोर्ट ने खोली राज्य सरकार की कार्यप्रणाली की पोल।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे विचार।

और

- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का दौर जारी–आज व कल अनेक भागों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

-----------

**मुख्यमंत्री–चंबा दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा और चंबा जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने कांगड़ा ज़िले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ प्रभावित फतेहपुर व इंदौरा के मंड क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। बाद में मुख्यमंत्री ने चंबा ज़िले के भरमौर और मणिमहेश इलाकों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने चंबा में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बताया कि अनेक स्थानों पर फंसे मणिमहेश यात्रियों को हैलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला जा रहा है।

**जो मणिमहेश यात्री हैं उन यात्रियों को हमने सही सलामत पहले उन्हें भरमौर लाया गया मणिमहेश से, उसके बाद यात्रियों की मांग थी कि हम पैदल चलते हैं जब हम मणिमहेश के दर्शन के लिए पैदल आए तो हमें पैदल जाने की सुविधा प्रदान की जाए। पुलिस के साथ में जो यात्री आना चाहते थे युवा यात्री चंबा के लिए तो उनको हमने भेजा और जो यात्री मौसम साफ हुआ तो इवेकुएट करवाया हेलीकॉप्टर से और जो रोड डैमेज हुए हैं उसके लिए मेरी सुबह माननीय पी डब्ल्यू डी मंत्री जी से भी बात हुई है और राजस्व मंत्री जी से भी**

**बात हुई है। सब प्रकार की सुविधा और प्रशासन को अधिकार ये दिए गए हैं कि जहां पोक लाइन है पोक लाइन लगाई जाए, जहां जेसीबी है जेसीबी लगाई जाए। चंबा जिला की सभी सड़कों को खोलने के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। अगर मौसम साफ रहेगा तो छोटे हेलीकॉप्टर के माध्यम से वहां से श्रद्धालु आए हैं उनको हम यहां से निकालेंगे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा की तुलना में इस बार कहीं अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रदेश में हो रही प्राकृतिक आपदाओं के लिए ग्लोबल वॉर्मिंग को जिम्मेदार ठहराया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बादल फटने और फ्लैश फ्लड की घटनाओं पर शोध होना चाहिए।

**और हम चाहते हैं कि इसकी थोरल स्टडी हो जिसमें आईआईटी के इंजीनियर जो एनवायरनमेंटलिस्ट हो और जो जलवायु से संबंधित लोग हैं वह सब लोगों और उस आधार पर हम इसको आगे किस प्रकार से क्लाइमेट चेंज हो रहा है किस प्रकार से इतनी अत्यधिक क्लाउड उड बर्स्टिंग हो रही है ऊपर पहाड़ पर टिले पर नहीं हो रही है। वो कहीं भी जहां वायु का दवाब कम होता है वहां क्लाउड ब्रस्टिंग हो रही है। ये सब चीजें समझने की जरूरत है। ये निश्चित है कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव क्लाउड ब्रस्टिंग बहुत ज्यादा हिमाचल प्रदेश में सबसे पहले कभी नहीं हुई है।**

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य परिवहन निगम ने भारी वर्षा के बावजूद चंबा ज़िले के कलसुंई क्षेत्र में फंसे श्रद्धालुओं की बसों के माध्यम से सुरक्षित वापसी करवाई है। उन्होंने बताया कि अब तक 36 बसों के माध्यम से 2 हज़ार 2 सौ 50 यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

इस बीच मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज शिमला में बताया कि चंबा में फंसे लगभग 6 हज़ार मणिमहेश यात्रियों को राज्य परिवहन निगम व निजी बसों और टैक्सियों के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने बताया कि भरमौर में लगभग 5 हज़ार जबकि चंबा के चौगान में 5 सौ यात्री बचे हैं जो जम्मू–कश्मीर व आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि महाविद्यालयों और स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से बागवानी को व्यवसायिक विषय के रूप में शुरू किया जाएगा। शिमला में आज अधिकारियों के साथ

एक बैठक में उन्होंने कहा कि नवीं से 12वीं कक्षा और स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर बागवानी विषय को शामिल करने से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक ज्ञान, व्यवहारिक कौशल और उद्यमशिलता की भावना विकसित होगी। रोहित ठाकुर ने अधिकारियों को भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप बागवानी पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए।

<u>जयराम</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2023–24 की कैग रिपोर्ट ने राज्य सरकार की कार्य प्रणाली की पोल खोलकर रख दी है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट से ये स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले बजट की नहीं बल्कि राज्य सरकार की विजन की कमी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि केन्द्र द्वारा दी गई एक हज़ार 24 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि अलग–अलग खातों में पड़ी रही लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो सका। विपक्ष के नेता ने कहा कि इस पैसे को उपयोग न करने के कारण वापस भेज देना प्रदेश की जनता के साथ नाइंसाफी है। जयराम ठाकुर ने मणिमहेश यात्रा के दौरान राज्य सरकार के प्रबंधों को भी नाकाफी बताया है।

<u>सिकंदर कुमार</u>

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रदेश में आपदा के लिए केंद्र सरकार भरपूर आर्थिक मदद दे रही है और उन्होंने संसद में प्रदेश हित के मुद्दों को प्रमुखता से रखा है। सिकंदर कुमार ने सोलन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहली किश्त के रूप में प्रदेश को आपदा राहत के लिए 4 सौ करोड़ रूपए की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई आपदा का मुद्दा हिमाचल के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने प्रमुखता से केंद्र सरकार से उठाया है।

**<u>जहां तक जहां तक आपदा की बात है। पहली बार हम सारे सांसद राज्यसभा लोकसभा, आदरणीय जयराम ठाकुर जी प्रदेश के सामान्य अध्यक्ष डॉक्टर बिंदल जी पूरा नेतृत्व जो है नड्डा जी के साथ और जो मन नहीं है गृह मंत्री अमित शाह जी से माननीय प्रधानमंत्री तक जो है हमने आवाज बुलंद की है संसद के अंदर भी बाहर भी और जो राहत केंद्र की ओर से मिलनी चाहिए थी वह मिली है और आगे जो मिलनी है वह प्रक्रिया में है मुझे लगता है जितना इस बार और पुरजोर संसद के अंदर और बाहर जो आवाज बुलंद की है भारतीय जनता पार्टी के सांसदों का,वो प्रदेश सरकार को आभारी होना अच्छी कि जिस तरह से विधानसभा में भी एकजुट होकर जो है विपक्ष ने जो उनका साथ दिया है। मुझे लगता है कि जो केंद्र से टीम आई थी उसके असेसमेंट के हिसाब से वो 400 करोड़ फस्ट इंस्टॉलमेंट में आ गया था।</u>**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

## कृषि मंत्री

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज शिमला में रबी सीजन कार्य योजना को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने इस मौके पर कहा कि अगले पांच वर्षों के लिए विकसित कृषि रोडमैप तैयार किया जा रहा है और क्लस्टर के आधार पर किसानों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर छोटे–छोटे कृषक समूह बनाए जाएंगे और किसानों की समस्याओं का निपटारा उनके खेत–खलिहानों में ही किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश के अनेक स्थानों पर पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा हुई है। मंडी जिले में गोहर उपमंडल के कटवाढी गांव में बीती रात बादल फटने से नसेंणी नाले में बाढ़ आ गई जिससे भारी तबाही हुई है। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के अनेक स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पहली और दो सितम्बर को कुछ भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट है।